

Jesus Film Project®
A Cru Ministry

यीशु को जानना

जीज़स फिल्म का इस्तेमाल करके अपने नए मिशन आधारित समुदाय की स्थापना करना

यीशु को जानना

अपने नए मिशन आधारित समुदाय की स्थापना करना

यीशु के लिए लोगों तक पहुँचने, विश्वास में उनकी शिष्यता करने, और फिर विश्वास के नए समुदाय की स्थापना करने, और उस समुदाय को आगे बढ़ाने के लिए *जीज़स* फिल्म का इस्तेमाल करने के महान साहसिक कार्य में आपका स्वागत है।

v6.5

Jesus Film Project®
A Cru Ministry

Knowing Jesus

परमेश्वर आपको अद्भुत रीति से इस्तेमाल करना चाहता है, जिससे कि वह आपकी अपनी भाषा में आपके ही लोगों के बीच उसके राज्य का निर्माण कर सके।

प्रेरित यूहन्ना ने प्रकाशितवाक्य की पुस्तक में लिखा है:

9 इसके बाद मैं ने दृष्टि की, और देखो, हर एक जाति और कुल और लोग और भाषा में से एक ऐसी बड़ी भीड़, जिसे कोई गिन नहीं सकता था, श्वेत वस्त्र पहने और अपने हाथों में खजूर की डालियाँ लिये हुए सिंहासन के सामने और मेम्ने के सामने खड़ी है, 10और बड़े शब्द से पुकारकर कहती है, "उद्धार के लिये हमारे परमेश्वरवर का, जो सिंहासन पर बैठा है, और मेम्ने का जय–जय कार हो!"
(प्रकाशितवाक्य 7:9-10, बीएसआई)!

उस भीड़ में संसार की हर एक भाषा और हर एक समूह के लोग शामिल होंगे। वे अपनी-अपनी भाषा में और विभिन्न तरीकों से आराधना करेंगे और भजन गाएँगे, जो उनकी संस्कृति को व्यक्त करते हैं।

यीशु ने मत्ती रचित सुसमाचार की अन्तिम आयतों में ऐसे कहा है:

19 इसलिये तुम जाओ, सब जातियों के लोगों को चेला बनाओ; और उन्हें पिता, और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम से बपतिस्मा दो, 20और उन्हें सब बातें जो मैं ने तुम्हें आज्ञा दी है, मानना सिखाओ: और देखो, मैं जगत के अन्त तक सदा तुम्हारे संग हूँ (मत्ती 28:19-20)।

उसने हमसे कहा है कि, जाओ, और जाकर उन्हें चेला बनाओ, उन्हें बपतिस्मा दो, और उन्हें सिखाओ। यदि हम उसकी आज्ञा को मानेंगे इस तरह उन चेलों के बढ़ने का सबसे उत्तम स्थान एक समुदाय या विश्वासियों का एक छोटा समूह होगा।

_जीज़स_ फिल्म सुसमाचार का प्रचार करने के लिए एक उत्तम साधन है। आप यह फिल्म अपने पड़ोसियों, परिवार और मित्रों को दिखा सकते हैं, और बहुत लोग यीशु का पीछे चलना और उद्धार पाना चाहेंगे। परन्तु जैसे-जैसे आपके प्रिय मित्र और परिवार विश्वास में आते हैं, उन्हें सिर्फ यीशु के बारे में बताने से अधिक, आप उसके बारे में अर्थात् यीशु के जीवन, उसके उपदेश, उसके द्वारा सिखाए गए दृष्टांतों, उसके द्वारा किए गए आश्चर्यकर्मों, इसके साथ ही उसकी प्रार्थनाएँ, उसकी परीक्षा, मृत्यु और पुनरुत्थान के विषय में जानने में उनकी सहायता करने के लिए _जीज़स_ फिल्म के 61 खण्डों का इस्तेमाल करके निरन्तर उनके विश्वास को बढ़ा सकते हैं।

चरण एक

01

आप अपने मिशन आधारित समुदाय की स्थापना कहाँ पर करना चाहते हैं?

क्या कोई करीबी गाँव या मोहल्ला है, जिसके लोगों को यीशु को जानने की आवश्यकता है?

सबसे पहले आपको उस स्थान में एक "शान्ति के व्यक्ति" की खोज करनी होगी। लूका 10:6 में यीशु अपने 72 चेलों को उसका सन्देश लेकर भेजा, कि वे जिस-जिस स्थान में जाएँ, वहाँ पर वे एक शान्ति के व्यक्ति की खोज कर सकें और जो उनकी मेजबानी कर सकें।
यह एक ऐसा व्यक्ति होता है, जिसकी अच्छी प्रतिष्ठा होती है और उसके पास मित्रों और परिवार का समूह होता है, जिन्हें वे जीज़स फिल्म देखने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं।

हम आपको सलाह देते हैं कि आप उस व्यक्ति के आसानी से याद रखी जा सकने वाली तीन-चरणीय प्रक्रिया के साथ सम्बन्ध का निर्माण करें, जो स्वाभाविक रूप से उन्हें यीशु के बारे में स्पष्टता से बताने का अवसर प्रदान करेगी

क. प्रार्थना करना

हम इस शान्ति के व्यक्ति के लिए प्रार्थना करें। हम प्रार्थना करेंगे कि परमेश्वर आपको वह व्यक्ति दिखाए, जो आपका परिचय उसके परिवार और मित्रों से करवा सके। फिर जब आप उस व्यक्ति जानने लगें, तो पूछें कि आप उसके लिए किस प्रकार प्रार्थना कर सकते हैं। लोगों को यीशु के चेलों के द्वारा उनके लिए प्रार्थना करते हुए देखकर खुशी होती है।
जीज़स फिल्म के खण्ड 25 और 26 में, यीशु ने प्रार्थना के बारे में सिखाया है।

ख. देखभाल करना

जब हम इस नए मित्र के लिए प्रार्थना करते हैं और उसकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास करते हैं, तब हम उसकी बातों को सुनने के द्वारा और उसकी आवश्यकताओं को पूरा करने के द्वारा दिखा सकते हैं कि हम उसकी चिन्ता करते हैं।
जीज़स फिल्म के खण्ड 31 में, यीशु ने भले सामरी व्यक्ति कहानी बताई है और सिखाया है कि हमें अपने पड़ोसियों की देखभाल कैसे करनी चाहिए। यीशु ने बहुत से आश्चर्यकर्मों के द्वारा इस प्रकार की देखभाल को दिखाया है, जिन्हें आप *यीशु* फिल्म में देखेंगे।

ग. साझा करें

जब हम लोगों की बातें सुनते और उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता करते हैं, हमें यीशु के शुभ सन्देश के विषय में बताने का सौभाग्य मिलता है। *जीज़स* फिल्म के खण्ड 33 में यीशु जक्कई को मित्र बना लेता है और उसके साथ सुसमाचार को साझा करता है।

चरण दो

02

जीज़स फिल्म दिखाएँ

आप उस शान्ति के व्यक्ति के साथ मिलकर, 10 अन्य लोगों को *जीज़स* फिल्म देखने के लिए आमंत्रित करें, हो सके तो उस शान्ति के व्यक्ति के घर पर। शायद आपको पता चलेगा कि और अधिक लोग भी आना चाहेंगे! तकनीक के इन दिनों में *जीज़स* फिल्म दिखाने के बहुत से तरीके हैं।

उनमें से कुछ इस प्रकार हैं:

1. यदि आपने जीज़स फिल्म® बैकपैक उपकरण को तैयार कर लिया है, तो उसका इस्तेमाल बाहर किसी बड़े स्क्रीन वाले कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए करें! बहुत से लोग आकर फिल्म को देखना चाहेंगे!

2. यदि आपके पास USB पोर्ट वाला फ्लैट स्क्रीन टीवी हो, तो उस शान्ति के व्यक्ति के घर में फिल्म दिखाने के लिए एक पेनड्राइव का इस्तेमाल करें।

3. यदि आपने ब्लूटूथ स्पीकर से साथ किसी टैबलेट पीसी उपकरण को तैयार कर लिया है, तो आप 20 लोगों तक के एक छोटे समूह को *जीज़स* फिल्म दिखा सकते हैं।
लोग उनकी अपनी भाषा में यीशु की कहानी को देखकर और सुनकर उत्साहित हो जाएँगे।

फिल्म के समापन पर, अपने दर्शकों आगे शामिल करने के लिए दो निमंत्रण दें।

सबसे पहले, उन्हें यीशु को उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करने का अवसर दें। (उसकी समय बहुत से लोग यीशु को ग्रहण कर लेंगे!) दूसरा, उन्हें यीशु के बारे में और अधिक बात करने के लिए अगले दिन वापस आने के लिए आमंत्रित करें, क्योंकि कई अन्य लोगों की दिलचस्पी तो होगी, परन्तु उनके पास और भी प्रश्न होंगे।

अब सबसे उत्तम भाग आ रहा है!

चरण तीन

03

एक नया मिशन आधारित समुदाय या छोटा समूह

भले ही फिल्म देखने वाले लोगों ने यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण किया हो या नहीं, उनसे यीशु के बारे में और अधिक बात करने के लिए उन्हें अगले दिन या अगली शाम को फिर से आने के लिए आमंत्रित करें।

इस सभा में, (और इसके बाद आने वाली सभी सभाओं में), आप *जीज़स* फिल्म के 61 खण्डों का प्रयोग करेंगे कि वे यीशु के बारे में और अधिक जान सकें और मिलकर उसके बारे में बात कर सकें।

अगले वर्ष के दौरान, आपका नया समूह मसीह में विकसित होगा। और, जैसे-जैसे वे ऐसा करेंगे, उनमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम बढ़ेगा और वह प्रेम उनके समुदाय और अन्य समुदायों में बढ़ेगा!

अपनी पहली सभा से, ये नए समूह सदस्य एक मिशन आधारित समुदाय में जीवन का जीने का अनुभव करेंगे। हम प्रत्येक सभा के लिए "तीन-तिहाई" (3/3) वाले प्रारूप का इस्तेमाल करेंगे।

चरण चार

04

बढ़ते जाएँ

जीज़स फिल्म के 17वें खण्ड में, यीशु फलवन्त होने के विषय में बात करता है, इस पड़ाव पर, आपका छोटा समूह एक और नए समुदाय स्थापित करने के लिए चरण एक के साथ फिर से शुरुआत करने के लिए तैयार हो जाएगा!

वे पहले से ही शैतान पर यीशु की सामर्थ्य, प्रकृति पर उसकी सामर्थ्य, बीमार लोगों को चँगा करने, पापों को क्षमा करने की उसकी सामर्थ्य, यीशु के एक चेले के चरित्र और यीशु के द्वारा फलवन्त होने की अपेक्षा के बारे में जान चुके होंगे।

आप पहले से ही एक प्रमुख चेले, यानी अपने तीमुथियुस की पहचान कर चुके होंगे, जो इस नए समूह की अगुवाई करने में सक्षम होगा। गुणन करने वाले इस नए समुदाय को शुरू करने के लिए चरण 1-4 का अनुसरण करने में उसकी सहायता करें!

हम प्रार्थना करते हैं कि परमेश्वर आपको आशीष दे, क्योंकि आप उसके अद्भुत राज्य का विस्तार करने के एक हिस्से के रूप आपका इस्तेमाल करने के लिए उस पर भरोसा करते हैं!

तीन-तिहाई प्रारूप

शिष्यता प्रशिक्षण प्रक्रिया

पीछे देखना

- एक दूसरे की देखभाल करना। पूछें "आप कैसे हैं?"
- आराधना करें
- फलवन्त होने का उत्सव मनाएँ
- जवाबदेही और समीक्षा
- प्रेरणा और प्रोत्साहन
- दर्शन प्रदान करना

ऊपर देखना

- नया पाठ
- आज्ञाकारिता-आधारित बाइबल अध्ययन
- मिलकर यीशु के बारे में एक नई कहानी को सीखना

आगे देखना

- मिशन के लिए तैयारी करना
- कहानी का अभ्यास करना
- आज कौन साझा करेगा
- मिशन के लिए प्रार्थना करना

यीशु को जानना प्रशिक्षण से होकर जाने के दो तरीके:

जीज़स फिल्म के खण्डों के द्वारा अपने नए मिशन आधारित समुदाय का मार्गदर्शन करने के लिए इस पाठ्यक्रम का इस्तेमाल करने के दो तरीके हैं।

1. आरम्भ-से-अन्त तक (विधि 1)

सम्पूर्ण *जीज़स* फिल्म दिखाने के बाद (ऊपर दूसरा चरण), यीशु को जानना प्रशिक्षण का इस्तेमाल करने का पहला तरीका एक समूह को बनाना और *जीज़स* फिल्म देखने वाले लोगों को फिर से खण्ड-दर-खण्ड शुरुआत से तक पुनः फिल्म दिखाना है। यह *जीज़स* फिल्म में पाई जाने वाली कहानियों और शिक्षाओं को सुदृढ़ करने का एक तरीका है!

2. नींव का निर्माण करना (विधि 2)

यीशु को जानना प्रशिक्षण को इस्तेमाल करने के दूसरे तरीके में कुछ मौलिक सिद्धान्तों के द्वारा आपके नए समुदाय के सदस्यों के विश्वास को गहरा करना शामिल है। वर्षों से, कैम्पस क्रूसेड़ फॉर क्राइस्ट® (*जीज़स* फिल्म को बनाने वाला संगठन) ने "Transferable Concepts" नामक कई पाठ विकसित किए हैं, जिससे कि नए विश्वासियों को उनके विश्वास में दृढ़ किए जा सके। इन हस्तांतरणीय धारणाओं को *जीज़स* फिल्म के विभिन्न खण्डों में दिखाया गया है।

कृपया ध्यान दें कि Transferable Concepts के सम्पूर्ण लिखित संस्करण को www.cru.org/us/en/train-and-grow/transferable-concepts पर ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है। आप इस क्यूआर कोड के द्वारा वेबसाइट पर जा सकते हैं।

यदि आप विधि 2 का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आप पहले खण्ड के आठ पाठों को अव्यवस्थित क्रम में देखेंगे। (अगले पृष्ठ पर आठ खण्डों की एक सूची और संशोधित क्रम दिया गया है जिसमें आपको अपने समूह की अगुवाई करनी चाहिए।) एक बार जब आप इन आठ अव्यवस्थित क्रम वाले खण्डों को पूरा कर लें, तो यीशु को जानना पाठ्यक्रम की शुरुआत में वापस आएँ, और फिर इसके द्वारा आरम्भ से अन्त तक वाले क्रम में जाएँ (ऐसे कि मानो आप विधि 1 शुरू कर रहे हैं)।

इस घटना में, आप इन आठों अध्यायों में से प्रत्येक को दूसरी बार (समीक्षा के रूप में) दोहराएँगे।

नींव का निर्माण करना (विधि 2) खण्ड क्रम:

खण्ड 61 – "आप कैसे सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप एक मसीही हैं?"
यदि आप आज मर जाएँ, तो क्या आप बिना किसी संदेह के इस बात के विषय में पूरी तरह आश्वस्त हैं, कि आप स्वर्ग जाएँगे? (क्लिप "यीशु को व्यक्तिगत् रूप से जानने के लिए निमंत्रण" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 14 – "आप कैसे परमेश्वर के प्रेम और क्षमा का अनुभव कर सकते हैं?"
क्या आपको कभी-कभी यह विश्वास करने में कठिनाई होती है कि यीशु मसीह में आपके पापों के लिए पूर्ण क्षमा मिलती है? बौद्धिक रूप से आप इस पर विश्वास करते हैं, परन्तु आप आपके हृदय की गहराई में इस पर कैसे विश्वास करते हैं? (क्लिप "पापी स्त्री को क्षमा करना" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 26 – "आप कैसे पवित्रात्मा से परिपूर्ण हो सकते है?"
बहुत से मसीहियों ने पवित्र आत्मा से कैसे भरा जाए पर आधारित सामर्थी और मुक्तिदायक संदेश कभी नहीं सुना है। (क्लिप "प्रार्थना और विश्वास के बारे में उपदेश" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 8 – "आप कैसे एक फलदायक गवाह बन सकते हैं?"
बहुत से मसीही सोचते हैं कि वे दूसरों को मसीह के बारे में जानते हुए क्यों नहीं देखते हैं। हालाँकि, हम जहाँ भी जाते हैं, हम यीशु के लिए फलवन्त होने से भरा प्रभाव डाल सकते हैं। (क्लिप "मछली पकड़ने वाला आश्चर्यकर्म" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 60 – "आप महान आदेश की पूर्ति करने में कैसे सहायता कर सकते हैं?"
सुसमाचार को हर देश तक ले जाना है: सुसमाचार की सामर्थ्य और लोगों को यीशु के बारे में बताने आनन्द मानना। (क्लिप "महान आज्ञा और स्वर्गारोहण" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 31 – "आप विश्वास से कैसे जी सकते हैं?"
भले सामरी दूसरों से प्रेम करने में विश्वास की सामर्थी भूमिका को दर्शाता है। (क्लिप "भले सामरी का दृष्टांत" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 25 – "आप आत्मविश्वास के साथ कैसे प्रार्थना कर सकते है?"
क्या आपने कभी सोचा है कि जगत के सबसे सामर्थी जन तक आपकी तत्काल पहुँच है? (क्लिप "प्रभु की प्रार्थना" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 38 – "आप देने के रोमांच का कैसे अनुभव कर सकते हैं?"
उन सबसे रोमांचक कार्यों में से एक जिनका आप अनुभव कर सकते हैं, वह है विश्वास द्वारा देने का रोमांच। (क्लिप "विधवा की भेंट" का इस्तेमाल किया जाता है)

खण्ड 1: आरम्भ-उत्पत्ति

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

जीज़स फिल्म का यह खण्ड हमें बताता है कि कैसे परमेश्वर ने पृथ्वी, पौधों, पशुओं और मनुष्यों सहित सम्पूर्ण जगत को बनाया। यह कहानी बताती है कि कैसे आदम और हव्वा ने पाप किया और परमेश्वर के विरुद्ध विद्रोह किया और उनके पाप के परिणाम क्या हुए। हम जानते हैं कैसे परमेश्वर ने अब्राहम से प्रतिज्ञा की और उसने एक उद्धारकर्ता की प्रतिज्ञा की जो जगत के पापों को उठा लेगा।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. बाइबल सारी वस्तुओं की सृष्टि के साथ आरम्भ होती है। परमेश्वर की योजना में पृथ्वी महत्वपूर्ण क्यों है?
3. पवित्रशास्त्र परमेश्वर के आदम और हव्वा को बनाने का क्या कारण बताता है?
4. आदम और हव्वा के साथ क्या हुआ? वाटिका में उनके कामों के क्या परिणाम हुए?
5. क्योंकि परमेश्वर ने फिर भी मनुष्यों से प्रेम किया, उसके पास मनुष्यों उसके सम्बन्ध की बहाली के लिए एक योजना थी। अब्राहम के जीवन की कौन सी घटना (फिल्म के इस खण्ड से) यह दिखाती है कि परमेश्वर की योजना में क्या शामिल होगा?
6. परमेश्वर ने किसके विषय में यह प्रतिज्ञा की कि वह उसके लोगों के पाप के बलिदान के रूप में आएगा?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

परमेश्वर ने मनुष्यों को उसके स्वरूप में बनाया कि वे उससे प्रेम करें और उसकी संगति का आनन्द लें, परन्तु लोगों ने परमेश्वर के विरुद्ध पाप किया और उससे अलग हो गए। परमेश्वर के पास लोगों से उसके सम्बन्ध को फिर से बहाल करने की एक योजना थी। उस योजना में एक प्रतिज्ञा किया हुआ मसीह शामिल था: यीशु मसीह, जो उनके पाप दाम चुकाएगा।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 2: यीशु का जन्म (लूका 1:26-33, 2:1-7)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

सबका जन्मदिन आता है। सभी एक समान जीवन में प्रवेश करते हैं। यहाँ तक कि यीशु भी। यीशु परमेश्वर का पुत्र जिसने बाकी सभी लोगों की तरह ही संसार में आने के द्वारा मनुष्यों के समान हो जाने का निर्णय लिया। उसने ऐसा हमारे साथ मनुष्यत्व को साझा करने और यह दिखाने के लिए किया कि वह केवल परमेश्वर ही नहीं बल्कि वास्तव में एक मनुष्य भी है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. स्वर्गदूत के शब्दों के प्रति कि वह मसीहा को जन्म देगी, मरियम की क्या प्रतिक्रिया थी?
3. आपको क्या लगता है कि स्वर्गदूत जिब्राईल ने यह क्यों कहा कि वह बालक एक पवित्र बालक होगा?
4. आपको क्या लगता है कि यह महत्वपूर्ण क्यों है कि यीशु का जन्म एक कुँवारी से हुआ?
5. यीशु के लिए बैतलहम में जन्म लेना क्यों महत्वपूर्ण था? (मीका 5:2 को पढ़ें)
6. यीशु के जन्म के आसपास की घटनाओं में मरियम और यूसुफ ने परमेश्वर पर कैसे भरोसा किया?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

- केवल यीशु का जन्म ही नहीं बल्कि, उसका गर्भधारण भी अनोखा था।
- यीशु के जन्म के समय मरियम और यूसुफ दोनों ने ही परमेश्वर पर भरोसा किया।
- जैसा कि उसके कुँवारी मरियम से जन्म लेने के द्वारा प्रमाणित है कि यीशु परमेश्वर और मनुष्य दोनों था।
- जगत, स्वर्गदूतों, और सभी अन्य सृजित वस्तुओं के अस्तित्व से पहले यीशु, अर्थात पुत्र, पिता के साथ अस्तित्व में था।

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

क्या इस खण्ड ने यीशु कौन है, के बारे में आपकी सोच को बदला है? यदि हाँ, तो किन तरीकों से?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 3: यीशु का बचपन (लूका 2:41-52)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु ने हमारे लिए एक आदर्श छोड़ा है कि हम अपने निजी जीवन में कैसे आगे बढ़ें। यह परिच्छेद हमें दिखाता है कि वह अपने माता-पिता का आज्ञाकारी था; वह परमेश्वर का आज्ञाकारी था और वह परमेश्वर और मनुष्यों के सामने चरित्र और डील-डौल में बढ़ता गया। इससे एक सबक जो हम सीख सकते हैं, वह यह है कि जीवन की यात्रा के दौरान अपने चरित्र में सुधार करना जारी रखना महत्वपूर्ण है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. बूढ़े मनुष्य (शिमौन) ने यीशु के बारे में क्या कहा?
3. यीशु ने व्यवस्थापकों को कैसे अचम्भित किया? यह असाधारण क्यों रहा होगा?
4. यह परिच्छेद यह कैसे दिखाता है कि यीशु न केवल परमेश्वर है, बल्कि "पूर्णतः मनुष्य" भी है?
5. मरियम और यूसुफ ने यह कैसे दिखाया कि वे पुराने नियम में निर्धारित धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार यीशु का सही ढंग से पालन-पोषण कर रहे थे?
6. यीशु ने परमेश्वर को किस नाम से पुकारा? इससे हमें क्या पता चलता है कि वह उस आयु में अपने बारे में क्या जानता था?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

यूसुफ और मरियम ने परमेश्वर की आज्ञा का पालन करते हुए यीशु को फसह के पर्व में ले जाने के द्वारा उसका पालन-पोषण किया और हमारे लिए पालन-पोषण का एक अच्छा आदर्श छोड़ा। बाइबल से हम जानते हैं कि यीशु को 12 वर्ष के होने तक उसके जीवन के उद्देश्य का पता चल गया था। परमेश्वर ने हमारे लिए यीशु के बचपन का यह वृत्तांत यह दिखाने के लिए छोड़ा है कि वह कैसे बड़ा हुआ, परन्तु उसके बारे में जो कुछ भी लिखा गया है, उसमें से अधिकांश भाग उसके वयस्क जीवन और सेवकाई से सम्बन्धित है, जिसके विषय में परमेश्वर चाहता है कि हम जानें।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 4: यूहन्ना के द्वारा यीशु का बपतिस्मा (लूका 3:21-22)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

लूका का यह भाग यीशु की सार्वजनिक सेवकाई के साथ शुरू होता है। यीशु गलील से चलकर यरदन नदी पर यूहन्ना से बपतिस्मा लेने आता है। यीशु को यूहन्ना के द्वारा उसके पापों के प्रति खेद प्रकट करने के लिए बपतिस्मा नहीं दिया गया था, क्योंकि यीशु ने कभी पाप नहीं किया। उसे बपतिस्मा इसलिए दिया गया ताकि सारे संसार को दिखाया जा सके कि वह अपने जीवन के साथ अपनी मृत्यु को भी प्रकट कर रहा था।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. जब यूहन्ना ने लोगों से कहा कि उन्हें "मन फिराना" चाहिए तो आपके विचार से वह किस विषय में बात कर रहा था?
3. चूँकि यीशु ने कभी पाप नहीं किया था, आपके विचार से वह बपतिस्मा क्यों लेना चाहता था?
4. जब परमेश्वर ने स्वर्ग से बात की, आपके विचार से परमेश्वर यीशु से क्यों प्रसन्न था?
5. बाइबल सिखाती है कि परमेश्वर तीन व्यक्तियों में विद्यमान है, फिर भी वह एक ही है। इसे "त्रिएकत्व" कहा जाता है। क्या आप इस परिच्छेद में त्रिएकत्व के तीनों सदस्यों को खोज सकते हैं? वे कौन हैं?
6. यूहन्ना ने यीशु के जीवन के उद्देश्य के विषय में क्या कहा?

उपसंहार

यीशु को किसी पाप के लिए बपतिस्मा लेने की आवश्यकता नहीं पड़ी, उसने लोगों से के साथ पहचान स्थापित करने के लिए बपतिस्मा लिया। बाइबल में "मन फिराने" का अर्थ यीशु के विषय में अपने मन को बदलना और एक नए तरीके से जीना है। हम यहाँ पर जानते हैं कि यीशु की सेवकाई का उद्देश्य जगत के पापों को उठा ले जाना था।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 5: शैतान का यीशु की परीक्षा लेना (लूका 4:1-13)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

कौन सी बात यीशु को आज तक हुए हर मनुष्य से अलग बनाती है? क्या ये उसके उपदेश थे? क्या ये उसके आश्चर्यकर्म थे? शायद, परन्तु एक बात जो यीशु को बाकी हर व्यक्ति से अलग बनाती है, वह यह है कि उसने कभी पाप नहीं किया, चाहे ये उसकी बातें हो या उसके काम हों। यद्यपि शैतान ने यीशु से पाप करवाने का प्रयास किया, परन्तु वह सफल नहीं हुआ। नए नियम में यह शैतान का पहला उल्लेख है। यदि उसने यीशु से पाप करवा दिया होता, (जैसा कि उसने आदम और हव्वा से करवाया था), तो शैतान ने मनुष्यजाति को बचाने की परमेश्वर की योजना को नष्ट कर दिया होता।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. उन तरीकों का वर्णन करें जिनसे शैतान ने यीशु की परीक्षा ली।
3. यह क्यों महत्वपूर्ण है कि जब यीशु की परीक्षा हुई तो उसने शैतान के सामने बाइबल के वचनों के हवाले दिए?
4. यह सच्चाई कि यीशु ने परीक्षा का सामना किया, यह कैसे साबित करता है कि वह परमेश्वर का पुत्र है?
5. आपको क्या लगता है कि यह महत्वपूर्ण क्यों है कि यीशु में कोई पाप नहीं था?
6. जब हम परीक्षा में पड़ते हैं तो हमें क्या करना चाहिए?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

यीशु ने उसके जीवन में पाप न करने के द्वारा यह प्रमाणित किया कि वह परमेश्वर का पुत्र है। यीशु ने परीक्षा का सामना करने में उसकी सहायता के लिए बाइबल के वचनों का हवाला दिया। शैतान ने यीशु की परीक्षा तब की जब वह निर्बल था। शैतान निरन्तर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की परीक्षा लेता रहता है। इसके परिणामस्वरूप, हमारी परीक्षा के समय में हमारी सहायता करने के योग्य है।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 6: यीशु ने पवित्रशास्त्र की पूर्ति की घोषणा की (लूका 4:16-30)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु के प्रति लोगों की विभिन्न प्रतिक्रियाएँ होती हैं। कुछ लोग उसकी शिक्षाओं को तो स्वीकार करते हैं, परन्तु उसके द्वारा प्रदान किए जाने वाले उद्धार को स्वीकार नहीं करते। कुछ लोगों यीशु के बारे में बिल्कुल भी नहीं सोचते। और दुःख की बात है, कुछ लोग उसे उसी तरह त्याग देते हैं, जैसा कि उसके अपने गृहनगर नासरत के लोगों ने किया था।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. जब यीशु ने यशायाह 61 का परिच्छेद पढ़ा तब वह अपने बारे में क्या कह रहा था?
3. क्या आपको लगता है कि यह परिच्छेद हमें यीशु के बारे में यह बताता है कि वह कंगालों, अन्धों, कैदियों और सताए हुओं की चिन्ता करता है?
4. जब यीशु आयत 18 में वाक्यांश "सुसमाचार" का इस्तेमाल करता है, तो आपके विचार से उसका क्या अभिप्राय है? क्या आप बाइबल में प्रयोग किए गए एक और शब्द जानते हैं, जिसका अर्थ है, "सुसमाचार" है?
5. यीशु ने आयत 18 में उल्लेख किया है कि "प्रभु का आत्मा मुझ पर है।" अब तक हमने यीशु के जीवन में पवित्र आत्मा को कहाँ पर देखा है?
6. आपको क्या लगता है कि लोगों ने यीशु को अस्वीकार क्यों किया? उनका उसे अस्वीकार करना उनके मानों के बारे में क्या दर्शाता है? उन्होंने यीशु के विरुद्ध कौन सा काम किया?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

यीशु ने अपनी सार्वजनिक सेवकाई की शुरुआत यह प्रकट करके की कि वह पुराने नियम का मसीहा है। यीशु को लोगों की शारीरिक और आत्मिक दोनों ही आवश्यकताओं की चिन्ता है। परमेश्वर चाहता है कि लोग उसके पुत्र पर विश्वास करें, ताकि वे अपने पापों से बच सकें और उसके राज्य में प्रवेश कर सकें।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 7: फरीसी और चुंगी लेने वाले का दृष्टांत (लूका 18:9-14)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

आमतौर पर लोग परमेश्वर के पास कैसे पहुँचते हैं? इसके दो प्रमुख तरीके हैं: या तो नियमों की एक सूची का पालन करके या विश्वास रखने के द्वारा। मसीहियत को छोड़कर बाकी धर्मों में अपनी-अपनी नियमों की एक सूची होती है, जिसे एक व्यक्ति को परमेश्वर की दृष्टि में धर्मी ठहरने के लिए मानना पड़ता है। इसके विपरीत, मसीहियत एकलौती ऐसी विश्वास पद्धति है, जिसमें परमेश्वर के पास विश्वास से पहुँचा जाता है... न कि उसकी कृपा पाने के लिए कुछ नियमों को मानने के द्वारा। मसीहियत में माना जाता है कि परमेश्वर ने मसीह में हमारे लिए जो किया है, वही केवल परमेश्वर की दृष्टि में धर्मी होने का एकमात्र तरीका है। इस खण्ड में हम एक "फरीसी" यानी इस्राएलियों के एक धार्मिक अगुवे को देखने वाले हैं, जिसकी जिम्मेदारी लोगों को परमेश्वर के बारे में सिखाने की होती थी। उन्हें बहुत से नियमों और व्यवस्थाओं का पालन करना पड़ता था। इस बात से उन्हें लगने लगा था कि वे उन लोगों से ऊँचे हैं, जिनकी उन्हें देखभाल करनी चाहिए थी।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. इस्राएल के लोग चुँगी लेने वालों से घृणा करते थे, क्योंकि वे दमनकारी रोमी सरकार के लिए काम किया करते थे और लोगों से उच्च दरों पर कर वसूला करते थे। आपके विचार से यीशु ने इस कहानी के लिए एक चुँगी लेने वाले को क्यों चुना?
3. प्रार्थना करते समय एक फरीसी का मनोभाव कैसा था? वह दूसरों लोगों को नीचा क्यों समझता था?
4. चुँगी लेने वाले का स्वभाव कैसा था? उसने परमेश्वर से उसके लिए क्या करने को कहा?
5. शब्द "धर्मी ठहराया जाना" का क्या अर्थ है? (देखें रोमियों 5:1)
6. आपके विचार से इस कहानी के दोनों मनुष्यों में से कौन सा परमेश्वर की दृष्टि में धर्मी ठहराया जाकर अपने घर गया? क्यों?

उपसंहार

मसीहियत मनुष्यों से परमेश्वर की दृष्टि में धर्मी ठहराए जाने को लेकर नियमों की किसी सूची का पालन करने की माँग नहीं करती। घमण्ड लोगों को परमेश्वर से दूर रखता है, क्योंकि वे परमेश्वर पर भरोसा रखने के बजाय अपने आप पर भरोसा रखते हैं। परमेश्वर नम्र लोगों के विनती करने पर उन पर दया करता है।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 8: मछली पकड़ने का आश्चर्यकर्म (लूका 5:1-11)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

परिचय–आप एक फलवन्त गवाह कैसे बन सकते हैं

ऊपर देखना

यीशु ने यह आश्चर्यकर्म अपने चेलों को यह दिखाने के लिए किया कि वह मसीह है, और उन्हें उसके पीछे चलना चाहिए और "मनुष्यों को पकड़ने वाले" बनना चाहिए। उन्होंने पहचान लिया कि वह मसीह है, और वे अपने जालों को छोड़कर उसके पीछे हो लिए। मनुष्यों के पकड़ने वाला होने के साहसिक कार्य के आत्मिक प्रतिफल देने वाले अनुभव से बढ़कर कोई और अनुभव नहीं है। जब आप यीशु के निर्देशों का पालन करते हैं, तो आपके जाल भी भर सकते हैं–भले ही आपने कभी किसी का परिचय मसीह से न करवाया हो। आप पतरस के समान संशयवादी हो सकते हैं। परन्तु यदि आप आज्ञाकारी भी हों, तब प्रभु आपकी अगुवाई करेगा कि आप बहुत से लोगों की यीशु का चेला बनने में अगुवाई करें।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. पतरस ने यीशु से क्या करने के लिए कहा? क्या वह एक सुझाव था या एक आज्ञा थी? इससे यीशु के बारे में क्या पता चलता है?
3. यीशु के शब्दों के प्रति पतरस की क्या प्रतिक्रिया थी?
4. आपके विचार से पतरस ने यह क्यों कहा कि वह एक "पापी मनुष्य" है? अद्भुत रूप से मछली पकड़ने के बाद उसने यीशु को उसके पास से चले जाने के लिए क्यों कहा?
5. पतरस, याकूब, और यूहन्ना ने यीशु के प्रति अपनी प्रतिबद्धता कैसे दिखाई?
6. आपके विचार से तब यीशु का तात्पर्य क्या था जब उसने उनसे कहा कि तुम "मनुष्यों के पकड़ने वाले" बन जाओगे।
7. ऐसी कौन सी बातें हैं, जो आपको यीशु के बारे में दूसरों से बात करने से रोक सकती हैं?
8. यीशु ने उनसे कहा, "मत डरो।" आपके विचार से यीशु के आश्चर्यकर्म को देखने और उनके लिए यीशु के शब्दों को सुनने बाद चेले किस बात से डरे हुए होंगे?

उपसंहार

आपके एक फलवन्त गवाह बनने के लिए, आपको इस बात के प्रति आश्वस्त होना चाहिए कि आप एक मसीही हैं और आपके जीवन में कोई अंगीकार रहित पाप तो नहीं है। आपको पवित्र आत्मा से भरा हुआ होना चाहिए। ये हमारे पहले पाठों से लिए गए सिद्धान्त हैं। अन्त में, आपको सुसमाचार की कहानी को जानने के द्वारा अपने विश्वास को साझा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। आप कहानी को अपने शब्दों में बता सकते हैं या किसी ऐसे मित्र या पड़ोसी को यीशु फिल्म का अन्तिम खण्ड दिखा सकते हैं, जिसे यीशु को जानने की आवश्यकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको लोगों से प्रेम करना होगा और उनके पास जाकर सुसमाचार सुनाने की पहल करनी होगी। अवसरों के लिए प्रार्थना करें और आशा रखें कि परमेश्वर आपको इस्तेमाल करेगा।

अनुप्रयोग

आगे देखना

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 9: याईर की बेटी का जिलाया जाना (लूका 8:40-42, 49-56)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

दुःख एक साधारण मानवीय भावना है। इस कहानी में, एक पिता दुःखी है, क्योंकि उसकी बेटी, जो बीमार थी, अब मर चुकी है। उसने यीशु से विनती की थी कि वह आकर उसे चंगा करे, परन्तु अब बहुत देर हो चुकी है। हालाँकि, यीशु ने उस मनुष्य से कहा कि वह केवल विश्वास करे और भयभीत न हो। फिर यीशु ने उसकी बेटी को मृतकों में से जिला दिया, जिससे उसके पिता का दुःख समाप्त हो गया। यीशु के बारे में अद्भुत बात यह है कि यद्यपि जब हम दुःखी होते हैं, तब भले ही वह हमारे लिए कोई आश्चर्यकर्म न करे, परन्तु वह हमारे मनों को चंगा कर सकता है और दुःख और शोक के समय में हमारी सहायता कर सकता है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से याईर ने यीशु से आकर उसकी बेटी की सहायता करने की विनती क्यों की? इस बात से यह कैसे पता चल सकता है कि वह यीशु को कैसे देखता था?
3. जब यीशु को पता चल कि याईर की बेटी मरी नहीं तब उसने याईर से क्या कहा?
4. जब यीशु ने कहा कि वह मरी नहीं बल्कि सो रही है, तो लड़की के माता-पिता की क्या प्रतिक्रिया थी? आपके विचार से यीशु ने ऐसा क्यों कहा?
5. यह बात कि यीशु मृतकों को जीवित कर सकता है उसके बारे में क्या दर्शाती है?
6. आपके विचार से जब पतरस, याकूब, और यूहन्ना ने यह आश्चर्यकर्म देखा तो उन्होंने क्या सोचा होगा?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

यीशु लोगों को मृतकों में से जिला सकता है, यह बात फिर से साबित करती है कि वह परमेश्वर का पुत्र है। यीशु शोक करने वाले पर दया करता है। मृत्यु और हानि के हमारे भय में यीशु हमारी सहायता कर सकता है। यीशु हमसे कहता है कि हम उस पर विश्वास करें कि वह हमारी परीक्षाओं और कठिनाइयों में हमारी सहायता कर सकता है।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 10: चेलों का चुना जाना (लूका 6:12-16)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु की मंशा हमेशा से यही रही थी कि उसकी सेवकाई को उसके द्वारा चुने गए विशिष्ट चेलों को द्वारा आगे बढ़ाया जाए और उसने उन्हें "प्रेरित" नाम दिया। इस शब्द का अर्थ है "संदेशवाहक।" इस बात के विपरीत के हमने उन्हें कैसे चुना होता, यीशु ने ऐसे लोगों को चुना जो कम पढ़े लिखे थे, कठिनाई से भरे काम करते हैं, जिन्हें "पापी" समझा जाता था, और वे कई बार उसके प्रति अपने विश्वास और प्रतिबद्धता में कमज़ोर हो जाते थे। यह बात हमें दिखाती है कि यदि कोई यीशु के पीछे चलने को तैयार हो तो यीशु उसका इस्तेमाल कर सकता है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से यीशु ने अपने चेलों को चुनने से पहले एक रात परमेश्वर से प्रार्थना करते हुए क्यों बिताई?
3. यीशु ने मत्ती, जो कि एक चुंगी लेने वाला था, को चुना जिससे उसके अपने देश में घृणा की जाती थी। यह बात यीशु के बारे में क्या बताती है?
4. आपके विचार से मत्ती चुंगी फाटक से उठकर यीशु के पीछे क्यों चलने लगा? मत्ती ने यीशु के पीछे चलने के लिए किस बात को त्याग दिया होगा?
5. मत्ती, यीशु द्वारा उसके बुलाए जाने के बाद, रात्रि भोज पर उसके सभी मित्रों को आने और आकर यीशु से मिलने के लिए आमंत्रित क्यों किया?
6. शब्द "प्रेरित" का अर्थ है "संदेशवाहक।" अब तक आपने जो कुछ सीखा है, उसके अनुसार जब प्रेरित प्रचार के लिए निकले तब उनका सन्देश क्या रहा होगा?

उपसंहार

यदि प्रार्थना यीशु के लिए महत्वपूर्ण थी, तो यह हमारे लिए भी महत्वपूर्ण होनी चाहिए। यीशु ने साधारण, यहाँ तक कि पापी लोगों को भी अपना प्रेरित बनने के लिए चुना। यीशु अपनी सेवकाई को जारी रखने के लिए लोगों को इस्तेमाल करता है। यीशु चाहता कि हम लोगों से यीशु का परिचय करवाएँ। ठीक वैसे ही जैसा मत्ती ने किया था।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 11: धन्य वचन (लूका 6:20-27)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु चाहता है कि जो लोग उस पर विश्वास करते हैं, वे उसके पीछे भी चलें। वह जानता है कि जब हम उसके पीछे चलते और उसकी आज्ञा का पालन करते हैं, तब हम सबसे अधिक संतुष्ट और आशीषित होते हैं। लूका की पुस्तक के इस भाग में, यीशु ने बताया कि इससे पहले कि लोग उसके चेले बनें उन्हें अपने विषय में कैसे सोचना चाहिए। उसने अपने चेलों को "दीन" और "भूखे" कहा। हम देखेंगे कि ये दो शब्द उस हृदय के मनोभाव को दर्शाते हैं, जो यीशु को उद्धारकर्ता के रूप में ग्रहण करता है और प्रभु के रूप में उसके पीछे चलने के लिए द्वार खोल देता है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. जब यीशु ने "मन के दीन" लोगों के विषय में बात की, तो वह ऐसे लोगों के बारे में बात कर रहा था, जो आर्थिक रूप से निर्धन होने के बजाय आत्मिक रूप से दीन होते हैं। आपके विचार से "आत्मिक रूप से दीन" होने का क्या अर्थ है?
3. इसी रीति से, जब यीशु उनके विषय में बात करता है, "जो भूखे" हैं, तो वह शारीरिक भूख के बजाय आत्मिक भूख के विषय में बात कर रहा है। आपके विचार से "आत्मिक रूप से भूखे" होने का क्या अर्थ है?
4. ऐसे समय आएँगे, जब मसीहियों को गैर मसीही लोगों के द्वारा पसन्द नहीं किया जाएगा। जब मसीहियों के साथ बुरा व्यवहार हो तो उन्हें कैसा प्रत्युत्तर देना चाहिए?
5. यीशु ने कहा कि यदि उसके चेलों को सताया जाता है, तो वे "धन्य" ठहरते हैं। यदि किसी व्यक्ति को सताया जा रहा है, तो वह धन्य कैसे ठहर सकता है?
6. जो लोग इस संसार की वस्तुओं के सम्बन्ध में धनी हैं, उनके लिए यीशु पर भरोसा करना कठिन क्यों हो सकता है?

उपसंहार

यीशु का चेला होने का अर्थ अपने मन में दीन होना है। यीशु का चेला होने का अर्थ यह है कि आपको उसकी आज्ञाओं का पालन करने से अर्थ और शान्ति मिलेगी। यीशु का चेला होने का अर्थ यह है कि आप उन लोगों को क्षमा करेंगे जो आपसे बुरा व्यवहार करते हैं। यीशु का चेला होने का अर्थ यह है कि आप स्वर्ग की आशा करते हैं, जहाँ पर आपको प्रतिफल मिलेगा।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 12: पहाड़ी उपदेश (लूका 6:24-46)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

बहुत से लोग यीशु की प्रशंसा करते हैं। बहुत से लोग उसकी शिक्षाओं की प्रशंसा करते हैं। बहुत से लोग कलीसिया में इसलिए जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यीशु उनके लिए यही चाहता है। परन्तु यीशु ने कहा है कि जो उससे प्रेम करते और उसके पीछे चलते हैं, वे उसकी कही हुई बातों को मानेंगे। उसने ऐसा इसलिए नहीं कहा कि लोग उसकी शिक्षाओं को मानकर स्वर्ग में जाएँ, बल्कि इसलिए किए वह उनके जीवनों को संतुष्टि और आशीष प्रदान करे, क्योंकि वे उसकी आज्ञा मानने की खोज में रहते हैं। पहाड़ी उपदेश में उसकी शिक्षा उन लोगों के चरित्र को दर्शाती हैं, जो यीशु के पीछे चलने और उसकी शिक्षा को मानने का प्रयास करते हैं।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से लोग धनी क्यों होना चाहते हैं? आपके विचार से यीशु धन के विषय में बात करते हुए इतना अधिक समय क्यों बिताया?
3. जिन लोगों ने यीशु को प्रचार करते हुए सुना उन्होंने उसके प्रति क्या प्रतिक्रिया दी?
4. शब्द "दया" का क्या अर्थ है? आपके विचार से परमेश्वर लोगों पर दया कैसे दिखाता है?
5. जब लोगों ने आपको ठेस पहुँचाने वाले काम किए हों तो उन्हें क्षमा करना कठिन क्यों होता है? क्या परमेश्वर के लिए हमें क्षमा करना कठिन है?
6. इस परिच्छेद में यीशु की शिक्षा के आधार पर, आपको यह क्यों लगता है कि लोगों पर दोष लगाना और उनकी निन्दा करना गलत है?

उपसंहार

यीशु फिर से चेतावनी देता है कि कैसे धन आपको स्वर्ग से बाहर रख सकता है। यीशु हमें स्मरण दिलाता है कि परमेश्वर दयालु है और हमें भी दूसरों पर दया करनी चाहिए। यीशु हमें स्मरण दिलाता है कि हमें दूसरों को क्षमा करना चाहिए, क्योंकि हमें क्षमा किया गया है। यीशु दूसरों पर दोष लगाने और ढोंगी होने के विरुद्ध चेतावनी देता है, क्योंकि जिन लोगों पर हम दोष लगाते हैं, हम भी उनके समान हो सकते हैं।

आगे देखना

चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से पतरस ने यीशु को जानने से इनकार क्यों किया?
3. आपके विचार से उसका इनकार हमें अपने बारे में क्या सिखा सकता है... हमारे मन, भावनाओं और हमारी इच्छा के विषय में?
4. यीशु ने भविष्यद्वाणी की थी कि पतरस तीन बार उसका इनकार करेगा। यह बात हमें यीशु के बारे में क्या बताती है?
5. यीशु ने पतरस को उसके धोखे के कारण त्यागा नहीं, यह बात हमें उसके विषय में क्या सिखाती है? पतरस प्रारम्भिक कलीसिया का एक प्रमुख अगुवा बन गया यह बात हमें क्या दिखाती है?
6. "आत्मिक रूप से साँस लेना" से सम्बन्धित खण्ड 14 के पाठ पर दोबारा विचार करें। इस पाठ में हम उस बात को पतरस की स्थिति पर कैसे लागू कर सकते हैं?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

अपने द्वारा किए गए किसी ऐसे काम के बारे में सोचें जो अत्याधिक बुरा था। क्या आपको लगता है कि यीशु आपको आपके किए के लिए क्षमा कर देगा? यदि हाँ, तो क्यों? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 46: यीशु का अपमान किया जाना और उससे प्रश्न किया जाना (लूका 22:63-71)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

लूका का यह भाग रोमी और यहूदी अगुवों दोनों के हाथों यीशु का अपमान करने के समय के बारे में बताना शुरू करता है। हालाँकि यीशु अपने आपको बचाने और उसकी रक्षा करने के लिए बहुत सारे स्वर्गदूतों को बुला सकता था, फिर यीशु ने स्वयं से इस तरह के व्यवहार के अधीन कर दिया, क्योंकि यह मनुष्य को छुड़ाने की परमेश्वर की योजना का हिस्सा था।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार यीशु ने अपने साथ किए जा रहे क्रूर व्यवहार को रोकने के लिए कुछ क्यों नहीं किया?
3. पहरुओं ने यीशु के साथ कैसा व्यवहार किया? आपके विचार से उन्होंने उसके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया?
4. आपके विचार से क्या धार्मिक अगुवे सचमुच जानना चाहते थे कि क्या यीशु मसीह है? उन्होंने उससे यह प्रश्न क्यों पूछा?
5. इस परिच्छेद में यीशु का वर्णन करने के लिए कई उपाधियों का इस्तेमाल किया गया है। आपके विचार से इनमें से प्रत्येक उसके बारे में क्या बताती है?
6. इस फिल्म खण्ड के अन्त में, धार्मिक अगुवे यीशु से एक अन्तिम प्रश्न पूछते हैं। यीशु ने उन्हें कैसे उत्तर दिया? आपके विचार से यह उसके बारे में क्या बताता है?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

अपने जीवन में उस समय के बारे में सोचें जिसमें आपने कष्ट का अनुभव किया हो। आपने कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त की? आप दु:ख से कैसे का सामना कैसे करते हैं?
क्या आप इस बात का कोई उदाहरण साझा कर सकते हैं कि कैसे परमेश्वर ने आपके द्वारा अनुभव की गई पीड़ा से कोई भलाई उत्पन्न की है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 47: यीशु को पिलातुस के सामने लाया जाना (लूका 23:1-5)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

मसीहियत राजनीति के बारे में नहीं है। हालाँकि, संसार भर में बहुतेरे मसीहियों का मानना है कि कुछ राजनीतिक दल दूसरों की तुलना में मसीहियों के समर्थन के अधिक योग्य हैं। सदियों से लोग विभिन्न राजनीतिक मामलों पर अपने पक्ष का समर्थन करने के लिए यीशु का इस्तेमाल करने का प्रयास करते रहे हैं। तथापि यीशु राजनीतिक लाभ के लिए नहीं आया था। इसके बजाय, वह खोए हुए को ढूँढ़ने और बचाने आया था (लूका 19:10 देखें)।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. धार्मिक अगुवों को यीशु को पिलातुस के पास क्यों ले जाना पड़ा? उन्होंने यीशु पर क्या करने का आरोप लगाया?
3. क्या यीशु ने राजा होने का दावा राजनीतिक अर्थ में किया था? आपके विचार से धार्मिक अगुवों ने पिलातुस के सामने यीशु पर इस बात का आरोप क्यों लगाया?
4. जब यीशु से पूछा गया कि क्या वह परमेश्वर का पुत्र है, तो उसने क्या प्रत्युत्तर दिया? आपके विचार से उसने ऐसा प्रत्युत्तर क्यों दिया? इस खण्ड के मध्य में पिलातुस ने यीशु के बारे में क्या निष्कर्ष दिया? यहूदी अगुवों ने क्या प्रत्युत्तर दिया?
5. विचार से पिलातुस ने यीशु को हेरोदेस के पास भेजने का निर्णय क्यों लिया? इससे पिलातुस के चरित्र के बारे में क्या पता चलता है?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

यीशु हमारे जीवन में राज्य करना चाहते हैं। यदि आप ईमानदार हैं, तो आप उसे अपने जीवन को कितनी अधिक पूर्णता से निर्देशित करने देते हैं? हम एक-दूसरे को अपना जीवन मसीह को और अधिक समर्पित करने के लिए कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 48: यीशु को हेरोदेस के पास लाया जाना (लूका 23:6-12)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

हेरोदेस यरूशलेम में रह रहा था, क्योंकि यह फसह पर्व का समय था। वह गलील का राजा था, उत्तरी इस्राएल का वह क्षेत्र जिसमें नासरत नगर आता है, वह नगर जहाँ पर यीशु का पालन-पोषण हुआ था। हेरोदेस रोमियों की अनुमति से ही शासन करता था। यीशु की मृत्यु और पुनरुत्थान के बाद, हेरोदेस मसीहियों का एक प्रमुख सताने वाला बन गया और अन्त में प्रेरित याकूब को मार डाला। पिलातुस के यीशु को उसके पास भेजने तक हेरोदेस यीशु से नहीं मिला था, हालाँकि ऐसा प्रतीत होता है कि उसने उसके बारे में सुना था। हेरोदेस एक घमण्डी व्यक्ति था, जिसे अन्त में परमेश्वर ने लोगों से आराधना स्वीकार करने के कारण मार डाला (देखें प्रेरितों के काम 12:21-23)।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. हेरोदेस यीशु से क्यों मिलना चाहता था? हेरोदेस क्या चाहता था कि यीशु उसके लिए करे?
3. आपके विचार कुछ लोग यीशु से मिलने में दिलचस्पी इसलिए क्यों रखते हैं, ताकि वह कुछ अद्भुत काम करे? इससे उनके हृदयों के बारे में क्या पता चलता है?
4. आपके विचार यीशु ने हेरोदेस को उत्तर क्यों नहीं दिया?
5. जब यीशु ने हेरोदेस को उत्तर नहीं दिया तब उसने क्या किया?
6. आपके विचार से हेरोदेस ने यीशु को पिलातुस के पास वापस क्यों भेज दिया?

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

आप यीशु के पीछे क्यों चलते हैं? क्या सचमुच इसका कारण यह है कि वह प्रभु और सारी महिमा और आदर के योग्य है? या इसका कारण यह है कि आप चाहते हैं कि वह आपके लिए कुछ करे?
क्या आपने कभी लगा है कि आप परमेश्वर को प्रसन्न करने के बजाय दूसरों की स्वीकृति चाहते हैं? क्या आप कोई उदाहरण साझा कर सकते हैं?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 49: यीशु को दण्ड दिया जाना (लूका 23:13-25)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

कभी-कभी हमें अपने आस-पास के लोगों से एक निश्चित तरीके से कार्य करने के दबाव का सामना करना पड़ सकता है। वह दबाव इस भय के मारे कि दूसरे क्या सोचेंगे, उस काम को करने की हमारी इच्छा को प्रभावित कर सकता है, जिसे हम सही मानते हैं। ऐसा भय हमसे वह काम करवा सकता है, जो हम अन्यथा नहीं कर सकते या ऐसा भय हमें वह काम न करवाने के लिए विवश कर सकता है, जिसे हमें करना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि पिलातुस ने यीशु के साथ जिस तरह का व्यवहार किया, उसने वह भय के कारण किया था। लूका 23:20 बताता है कि पिलातुस यीशु को छोड़ना चाहता था, परन्तु जब भीड़ ने अपनी माँगें बढ़ा दीं तो उसने उनकी इच्छा के आगे घुटने टेक दिए।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. यीशु के अपराध पर पिलातुस और हेरोदेस का फैसला क्या था? आपके विचार से उनके निष्कर्ष किस आधार पर थे?
3. हेरोदेस या पिलातुस ने यहूदी अगुवों द्वारा यीशु के विरुद्ध लगाए गए आरोपों पर विश्वास क्यों नहीं किया? आपके अनुसार यह हमें यहूदी अगुवों के बारे में क्या बताता है?
4. पिलातुस ने यहूदी अगुवों और लोगों को बरअब्बा को छोड़ने का प्रस्ताव क्यों दिया?
5. पिलातुस यीशु को छोड़ना चाहता था, परन्तु उसने ऐसा नहीं किया। उसे किस बात ने यीशु को क्रूस पर चढ़ाने के अनुरोध स्वीकार करने के लिए राजी किया? आपके अनुसार पिलातुस के मन में कैसी भावनाएँ उठ रही थीं?
6. यीशु ने पीलातुस या यहूदी अगुवों को रोकने के लिए कुछ क्यों नहीं किया? (देखें: मत्ती 26:52-54)

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

आपके विचार से भय आपको कैसे प्रभावित करता है? क्या आपके मन में कोई उदाहरण आता है जिसे आप साझा कर सकते हैं? आप सामान्य तौर पर अपने भय का सामना कैसे करते हैं? आपके विचार से परमेश्वर कि क्या इच्छा है कि आप अपने भय से करें?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 50: यीशु का अपना क्रूस उठाना (लूका 23:26-31)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

इस खण्ड में, यीशु उसी क्रूस को उठाए हुए है, जिस पर वह शीघ्र ही मर जाएगा। लूका, जो बाइबल की
इस पुस्तक का मानवीय लेखक है, निस्संदेह वह यीशु के अपनी मृत्यु के मार्ग में लोगों की भीड़ के बीच से गुजरने और कुछ ही दिन पहले यरूशलेम में उसके "विजयी प्रवेश" के बीच के विरोधाभास को प्रकट करना चाहता था।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से यीशु पूरे मार्ग तक अपना क्रूस क्यों नहीं उठा पाया? यह बात रोमियों द्वारा यीशु के साथ किए गए व्यवहार के विषय में क्या बात सकती है?
3. कुरैनी शिमौन का परिचय उस व्यक्ति के रूप में दिया गया है, जिसे यीशु के असमर्थ होने पर उसका क्रूस उठाने के लिए विवश किया गया था। आपके जब शिमौन यीशु का क्रूस उठा रहा था, तब उसे क्या अनुभव हुआ होगा?
4. यीशु को देखकर महिलाओं की क्या प्रतिक्रिया थी? आपके अनुसार वे किन भावनाओं का अनुभव कर रही थीं?
5. आपके विचार से यीशु ने महिलाओं से उसके लिए नहीं बल्कि अपने लिए रोने के लिए क्यों कहा?
6. आप इस कहानी में मसीह के प्रेम को किस प्रकार प्रदर्शित होते देखते हैं?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

आपकी क्या राय है – क्या आपके लिए शारीरिक पीड़ा या अत्याधिक भावनात्मक पीड़ा का सामना करना आसान है? कृपया समझाएँ। बाइबल के एक अन्य परिच्छेद में, कुरेनी शिमौन का परिचय "सिकंदर और रूफुस के पिता" के रूप में दिया गया है, जो यह दर्शाता है कि प्रारम्भिक कलीसिया उन्हें जानती थी। अधिकतर धर्मवैज्ञानिक कहते हैं कि इसका तात्पर्य यह है कि वे मसीही बन गए होंगे। यीशु के पीछे चलने की आपकी प्रतिबद्धता ने आपके परिवार को कैसे प्रभावित किया है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 51-54: यीशु का क्रूस पर चढ़ाया जाना (लूका 23:32-43)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

*इस पाठ में *जीसस* फिल्म के खण्डों जैसे कि यीशु का क्रूस पर चढ़ाया जाना, सैनिकों का यीशु के वस्त्रों पर चिट्ठी डालना, और क्रूस पर चढ़ाए गए अपराधियों का इस्तेमाल किया गया है*

परिचय

क्षमा कठिन हो सकती है। जब हमें कोई ठेस पहुँचाता है, तब हम पीड़ा, हानि क्रोध, और कुछ मामलों में, डाह का अनुभव कर सकते हैं। ठेस पहुँचाए जाने पर हमारी स्वाभाविक प्रतिक्रिया
बदला लेने की इच्छा होती है। तथापि क्रूस पर यीशु ने अपने क्रूस पर चढ़ाने वालों को क्षमा कर दिया। हमारे जीवनों में, अपने ठेस पहुँचाने वालों को क्षमा करना व्यस्त में हमें स्वतंत्र करता है। क्षमा उस क्षमता को वापस लेने में सहायता करती है, जिसे हमने दूसरों को हमें नकारात्मक रूप से प्रभावित करने के लिए दे दिया है और यह परमेश्वर के साथ हमारा मेल करवाती है। क्या हम यीशु के आदर्श का अनुसरण कर सकते हैं!

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. क्रूस से यीशु के पहले शब्दों में क्षमा शामिल है। आपके विचार से यीशु किसकी बात कर रहा है? इससे मसीह के प्रेम के बारे में क्या पता चलता है?
3. जब लोगों ने कहा, "उसने दूसरों को बचाया, अब वह अपने आप को बचाकर दिखाए," आपके विचार से उनका क्या मतलब है? क्या आपको लगता है कि यदि यीशु क्रूस से नीचे आ जाता तो लोग उस पर विश्वास कर लेते? क्यों या क्यों नहीं?
4. आपके विचार से उस अपराधी का क्या तात्पर्य था, जब उसने यीशु से राजा के रूप में आने पर उसे स्मरण रखने की विनती की?
5. यीशु में विश्वास व्यक्त करने वाले अपराधी का अनुभव इस बात का उदाहरण है कि कैसे सभी लोग यीशु के पास आते हैं?
6. देखने वाले लोग समझ गए थे कि यीशु मसीह होने का दावा कर रहा था। आपके विचार से जब उन्होंने उसे क्रूस पर देखा तो वे क्या सोच रहे थे?

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

लोगों को क्षमा करना कठिन है? आपके लिए कौन से अपराध क्षमा करना आपके लिए अधिक कठिन होता है? यीशु की क्षमा का आदर्श कैसे आपकी सहायता कर सकता है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 55: यीशु की मृत्यु (लूका 23:44-49)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

पुराने नियम में, इस्राएल देश के लोग मन्दिर के द्वारा परमेश्वर तक पहुँचते थे। मन्दिर वह स्थान था, जहाँ वे अपने बलिदान चढ़ते थे और मिलकर परमेश्वर की आराधना किया करते थे। हर वर्ष, "महायाजक" (सभी याजकों का प्रधान) एक बार मन्दिर के एक भीतरी कक्ष में एक विशेष बलिदान लाते थे जिसे "परम पवित्र स्थान" कहा जाता था। यह बलिदान लोगों के पापों के "प्रायश्चित" (ढकने) के लिए होता था। परम पवित्र स्थान को एक बड़े पर्दे द्वारा शेष मन्दिर से अलग रखा जाता था। आज के खण्ड में, हम देखते हैं कि यीशु के मरते ही वह पर्दा फट गया था। इस बात ने दिखाया कि अब से परमेश्वर तक पहुँचने का मार्ग यीशु की मृत्यु द्वारा होगा, न क किसी याजक द्वारा लाए गए बलिदान के द्वारा।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. यीशु के मरने से तीन घंटे पहले तक पूरे देश में अन्धेरा छाया रहा। आपके विचार से अन्धकार किसे दर्शाता है?
3. आपके विचार से यीशु तब किस ओर इशारा कर रहा था जब उसने कहा, "हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूँ?"
4. जो लोग यीशु को देख रहे थे उनकी क्या प्रतिक्रिया थी?
5. यीशु को मरते देखने वाले सैनिकों के कप्तान की क्या प्रतिक्रिया थी? क्या आपको लगता है कि उसने यीशु पर विश्वास किया?
6. कप्तान ने यह क्यों मान लिया कि यीशु एक "धर्मी मनुष्य" था, जबकि यहूदी अगुवों ने उसे ठुकरा कर दिया था? आपके विचार से हम इससे क्या सीख सकते हैं?

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

यीशु ने क्रूस पर मरते समय परमेश्वर पर अपार भरोसे को प्रकट किया। उसका परमेश्वर पर भरोसा करना हमारे लिए उदाहरण कैसे हो सकता है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 56: यीशु का दफनाया जाना (लूका 23:50-56)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु के मरने के बाद, यूसुफ नाम का एक व्यक्ति पिलातुस के पास यीशु की लोथ को माँगने गया। वह उसी यहूदी महासभा का सदस्य था जिसने यीशु को दण्ड दिया था, परन्तु वह उनके निर्णय से सहमत नहीं था। यूहन्ना की पुस्तक के समांतर परिच्छेद में एक दिलचस्प टिप्पणी की गई है कि यूसुफ एक "गुप्त" शिष्य था, क्योंकि वह यहूदी अगुवों से डरता था (यूहन्ना 19:38 देखें)। फिर भी, यीशु के मरने के बाद, उसने पिलातुस के पास जाकर यीशु को दफनाने की अनुमति माँगने के द्वारा साहस का प्रदर्शन किया।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. इस कहानी में यूसुफ का वर्णन किस प्रकार किया गया है? आपके विचार वह यहूदी महासभा द्वारा यीशु को दण्ड दिए जाने से क्यों असहमत था?
3. आपके विचार से जब यूसुफ ने यीशु को क्रूस पर चढ़ा हुआ देखा होगा तो उसे कैसा महसूस हुआ होगा?
4. यूसुफ यीशु की देह को कहाँ पर ले गया? यीशु की देह को दफनाने के लिए तैयार करने के लिए उसने क्या किया?
5. यीशु के दफनाए जाते समय वहाँ पर कौन उपस्थित था? आपके विचार से यह क्यों महत्वपूर्ण हो सकता है?
6. यदि आप उन महिलाओं के साथ होते जो यीशु के पीछे चलती थीं तो आपको कैसा महसूस होता?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

कोई ऐसा व्यक्ति जो यीशु का "गुप्त शिष्य" है, वह कैसे कार्य कर सकता है?
क्या आपने भी कभी यीशु के "गुप्त शिष्य" की तरह कार्य करने की परीक्षा का सामना किया है?
क्या आप इसका कोई उदाहरण साझा कर सकते हैं?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 57: कब्र पर स्वर्गदूत (लूका 23:56-24:7)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

जो स्त्रियाँ रविवार की सुबह तड़के ही कब्र पर आ गई थीं, उन्हें यीशु की देह का अभिषेक करने के लिए मसाले लाने से पहले शनिवार को पूरे दिन इंतजार करना पड़ा। ऐसा इसलिए था, क्योंकि उन्हें "सब्त" (शनिवार - वह दिन जिसमें यहूदी लोग आराधना करते हैं) पर कोई भी काम करने की मनाही थी। उस पूरे दिन जब उन्हें इंतज़ार करना पड़ा तो वे क्या सोच रही होंगी? क्या उनकी आशा समाप्त हो गई थी? क्या उन्होंने एक-दूसरे को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया होगा? क्या उन्होंने यह पता लगाने का प्रयास किया होगा कि उस यीशु के साथ क्या हुआ था, जिसे वे मसीह मानते थे? रविवार तड़के कब्र की ओर जाते समय उनके मन में क्या विचार आए होंगे?

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके विचार से रविवार की सुबह स्त्रियाँ क्या करने की अपेक्षा में थीं?
3. जब वे कब्र पर पहुँची तो उन्हें क्या पता चलता? उन्हें भीतर क्या मिला? आपके विचार से आपकी प्रतिक्रिया क्या होती?
4. जब स्त्रियाँ सोच ही रही थीं, तब दो स्वर्गदूत प्रकट हुए। स्त्रियों ने स्वर्गदूतों को देखकर क्या किया?
5. 5. स्वर्गदूतों ने स्त्रियों को यीशु के बारे में क्या बताया? स्वर्गदूतों की बातों के प्रति स्त्रियों की क्या प्रतिक्रिया थी?
6. यीशु ने अपने चेलों से बार-बार कहा था कि वह मर जाएगा और फिर से जीवित हो जाएगा। परन्तु ऐसा प्रतीत होता है कि उन स्त्रियों यह बात पहले समझ नहीं आई थी। स्वर्गदूतों से मिलने के बाद उनमें क्या बदलाव आया?

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

क्या आपको याद है कि जब आपने पहली बार यीशु के पुनरुत्थान के बारे में सुना था, तब आपने क्या सोचा था? क्या कहानी का कोई ऐसा भाग था जिस पर आपको विश्वास करने में कठिनाई हो रही थी?
क्या ऐसा कोई हिस्सा है, जिस पर अब आपको विश्वास करना मुश्किल हो रहा है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 58: कब्र खाली है (लूका 24:9-12)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

यीशु का पुनरुत्थान निस्संदेह संसार के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटना है।
पुनरुत्थान के बिना, यीशु मात्र एक अन्य मनुष्य है। दरअसल, पुनरुत्थान के बिना यीशु को पागल माना जाना चाहिए। इसका कारण यह है, क्योंकि अपने जीवन के दौरान उसने अपने चेलों से बार-बार कहा था कि वह मृतकों में से जीवित हो जाएगा, और उसने स्वयं को परमेश्वर का पुत्र और मनुष्यजाति का उद्धारकर्ता कहा था। पुनरुत्थान के बिना, यीशु के दावे मात्र पागल व्यक्ति के बड़बोलेपन की तरह हैं। परन्तु मृतकों में से जीवित होकर, यीशु ने वास्तव में बिना किसी संदेह के साबित कर दिया कि वह पूरी तरह से परमेश्वर और पूरी तरह से मनुष्य दोनों ही है, जैसा कि उसने दावा किया था।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. यीशु की कब्र को खाली देखकर स्त्रियों ने सबसे पहले क्या किया? यह बात उनकी भावनाओं के विषय में क्या बताती है?
3. स्त्रियों के समाचार पर चेलों की क्या प्रतिक्रिया थी? आपके विचार से उन्होंने इस तरह से प्रतिक्रिया क्यों दी? स्त्रियों को ऐसी प्रतिक्रिया पाकर कैसा लगा होगा?
4. दरअसल यीशु ने अपने चेलों को कई बार बताया था कि उसके साथ क्या होने वाला है। आपके विचार से उन्होंने उस पर विश्वास क्यों नहीं किया?
5. यह दिलचस्प है कि यीशु ने अपने पुनरुत्थान के तथ्य को सबसे पहले महिलाओं द्वारा खोजे जाने की अनुमति दी। इससे क्या संकेत मिल सकता है?
6. आपके विचार से पतरस कब्र की ओर क्यों भागा और उसके भीतर क्यों चल गया? आपके विचार से जब पतरस देखा कि कब्र खाली है, तब उसके मन में क्या चल रहा होगा?

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

यीशु के पुनरुत्थान का तथ्य आपके लिए व्यक्तिगत् रूप से क्या मायने रखता है? इसने आपके जीवन को कैसे बदल दिया है?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 59: फिर से जी उठे यीशु का दिखाई देना (लूका 24:33-49)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

ऊपर देखना

परिचय

हम संदेह के बारे में पहले भी बात कर चुके हैं। इस परिच्छेद में यीशु एक कमरे में सभी चेलों को दिखाई दिया, जिससे वे हैरान होकर डर जाते हैं। लोगों को लगेगा कि वे यीशु को दोबारा देखकर खुश हुए होंगे। इसके बजाय उन्हें संदेह हो रहा था कि वह वास्तव में वही है। उनके संदेह के निश्चित रूप से कारण हैं। सोचें कि पिछले तीन दिनों में उन पर क्या गुजरी थी। लूका हमें बताता है कि यीशु ने "यीशु ने पवित्रशास्त्र बूझने के लिए उनकी समझ खोल दी" (आ. 45)। यीशु ने उन्हें भरोसा दिलाया, और अन्त में उन्हें विश्वास हो गया कि वह सचमुच जीवित है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. जब यीशु उन्हें दिखाई दिया, तो उसने सबसे पहले क्या कहा? आपके विचार से उसने ऐसा क्यों कहा?
3. लूका लिखता है कि चेलों को पहले लगा कि यीशु एक भूत है। आपके विचार से उन्होंने ऐसा क्यों सोचा?
4. किसी ने भी जोर से कुछ नहीं कहा, फिर भी यीशु जानता था कि वे सोच रहे हैं कि वह एक भूत है। यह बात यीशु के बारे में क्या बताती है कि वह जानता था कि वे क्या सोच रहे थे और महसूस कर रहे थे?
5. यीशु उनके भय और संदेहों का समाधान कैसे किया? यह साबित करने के लिए कि वह सचमुच जीवित है, उसने शिष्यों को क्या करने के लिए प्रोत्साहित किया?
6. आपके विचार से यीशु उन्हें यह समझाने के लिए पुराने नियम के वचनों पर वापस क्यों ले गया कि मसीह के बारे में की गई सभी भविष्यद्वाणियाँ उसमें कैसे पूरी हुईं हैं? यह बात हमें बाइबल के महत्व और अधिकार के बारे में क्या सिखाती है?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं।

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

हम अपने जीवन में सन्देह के आने पर उनका सामने कैसे करें इसके विषय में हम इस कहानी से क्या सीख सकते हैं?

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।

एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।

आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 60: महान आदेश और स्वर्गारोहण (लूका 24:50-53)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

परिचय – आप महान आदेश की पूर्ति करने में कैसे सहायता कर सकते हैं?

(यदि सम्भव हो तो अपने समूह में से किसी को अपनी मातृभाषा में मत्ती 28:16-20 को पढ़ने को कहें)

ऊपर देखना

दूसरों को उद्धार का संदेश बताने की अपने चेलों को दी गई यीशु की आज्ञा को महान आदेश के रूप में जाना जाता है। प्रत्येक मसीही को आज्ञा दी गई है कि वह मसीह के लिए संसार तक पहुँचने में सहायता करने में शामिल हो। हममें से प्रत्येक को उसकी महान आज्ञा को पूरा करने में सहायता करने के लिए एक महत्वपूर्ण, परमेश्वर प्रदत्त भूमिका निभानी है।

चरण 1: खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से उस खण्ड की कहानी को अपने शब्दों में बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. वे कौन से विशिष्ट आज्ञाएँ हैं जो यीशु ने महान आज्ञा में अपने चेलों को दी हैं?
3. क्या यह आज्ञा केवल चेलों के लिए है, या यह सभी विश्वासियों के लिए एक बुलाहट है? क्यों या क्यों नहीं?
4. आपके विचार से यीशु के चेले होने के नाते वह हमसे यह क्यों कहता है कि "स्वर्ग और पृथ्वी पर सारा अधिकार है?" उसे दिया गया है। क्योंकि हम मसीह को दूसरों के साथ साझा करना चाहते हैं और नए मिशनरी समुदाय स्थापित करना चाहते हैं, तो यह बात हमारे लिए कितनी महत्वपूर्ण हो सकती है?
5. प्रेरितों के काम 1:8-9 पढ़ें। (यह यीशु की महान आज्ञा और स्वर्गारोहण का एक और वृत्तांत है।) आपके विचार से यीशु ने अपने चेलों को पहले यरूशलेम से शुरुआत करने के लिए क्यों कहा? वह महत्वपूर्ण क्यों था? इसके बाद यीशु ने उनसे आगे क्या करने को कहा?
6. अभी हमने प्रेरितों के काम 1 से जो परिच्छेद पढ़ा है, उसके आधार पर, चेलों को किसके पास सुसमाचार ले जाने की आज्ञा दी गई थी? इससे हमें इस विषय में क्या पता चल सकता है कि यीशु सभी लोगों को किस प्रकार देखता है?
7. क्या आप अपने देश में ऐसे लोगों के समूह के बारे में सोच सकते हैं, जिन्हें सुसमाचार सुनने की आवश्यकता है? आप जाकर उन्हें यीशु के बारे में कैसे बता सकते हैं?

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

अनुप्रयोग के लिए प्रश्न

आप महान आज्ञा को पूरा करने में कैसे सहायता कर सकते हैं? सबसे पहले, सुनिश्चित करें कि आप [व्यक्तिगत् रूप से] मसीह के प्रति समर्पित हैं और पवित्र आत्मा से भरे हुए हैं। दूसरा, परमेश्वर से प्रार्थना करें कि वह आपका मार्गदर्शन करे। तीसरा, जैसे ही परमेश्वर आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर दे, योजना बनाएँ कि आप कहाँ जाएँगे। चौथा, अन्य परिपक्व मसीहियों से प्रशिक्षण लें। पाँचवाँ, पहल करें और आगे बढ़ें। दूसरों के साथ सुसमाचार साझा करने के लिए आपके साथ जाने के लिए एक मसीही मित्र को ढूँढ़ें – उन्हें उसकी अत्याधिक आवश्यकता है।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।
एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।
आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना
- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।

खण्ड 61: यीशु को व्यक्तिगत् रूप से जानने के लिए निमंत्रण (1 कुरिन्थियों 15:1-4)

पीछे देखना

एक दूसरे की देखभाल करें

- एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें
- अपने जीवन की बातें साझा करें (स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याएँ, परिवार, आर्थिक बातें, आत्मिक आवश्यकताएँ, खेल, इत्यादि)

मिलकर आनन्द मनाएँ

- गीत, वाद्ययंत्र, नृत्य या गवाहियों के साथ
- आराधना करें

अपने समूह और एक-दूसरे के प्रति दर्शन को साझा करें

- कि हम यीशु के बेहतर चेले बन जाएँ
- कि हमारा समुदाय परमेश्वर के निकट आ जाए

दान देना और साझा करना

- परमेश्वर ने आपको दूसरों की सहायता के लिए जो कुछ दिया है, उसमें से कुछ वास्तविक दान करें

परिचय – आप कैसे सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप एक मसीही हैं?

"इसी कारण मैं ने सबसे पहले तुम्हें वही बात पहुँचा दी, जो मुझे पहुँची थी कि पवित्रशास्त्र के वचन के अनुसार यीशु मसीह हमारे पापों के लिये मर गया, और गाड़ा गया, और पवित्रशास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी भी उठा" (1 कुरिन्थियों 15:3-4 बीएसआई)।
यीशु पृथ्वी पर आने के बाद सदियों से लाखों लोगों ने मसीह को अपने जीवन में आमंत्रित किया है। हालाँकि, उनमें से कई लोगों ने ऐसा बार-बार किया है, क्योंकि वे अपने उद्धार के बारे में निश्चित नहीं हैं। उन्हें मसीह की स्थायी उपस्थिति का कोई आश्वासन नहीं था, इन इस बात का भरोसा नहीं था कि, यदि वे आज मर जाएँ, तो वे स्वर्ग में प्रभु के साथ होंगे। क्या आप अपने उद्धार के प्रति दृढ़ हैं? जान लें कि मसीह के प्रति प्रतिबद्धता में ये तीन बातें शामिल हैं: बुद्धि, भावनाएँ और इच्छा।

ऊपर देखना

चरण 1: मसीह को ग्रहण करने के अवसर को समझने के लिए इस खण्ड को दो बार देखें।
चरण 2: समूह के किसी सदस्य से क्लिप में बताए गए सुसमाचार में से यीशु द्वारा हमें दिए गए नए जीवन की कहानी बताने के लिए कहें।
चरण 3: समूह के लोगों को कहानी के किसी भी अंतराल को भरने या कोई सुधार करने की अनुमति दें।
चरण 4: चर्चा के लिए प्रश्न।

1. आपको कहानी में सबसे अधिक क्या अच्छा लगा? किस बात ने आपका ध्यान खींचा?
2. आपके लिए "पाप" शब्द का क्या अर्थ है? यीशु ने आपके पाप का दाम कैसे चुकाया?
3. मसीही जीवन विश्वास से जिया जाता है, न कि भावनाओं से। आपके मसीही जीवन में भावना का क्या स्थान है? भावनाएँ कैसे और कब भटकाने वाली हो सकती हैं?
4. आपके विचार से आपका अपने उद्धार के विषय में निश्चित होना महत्वपूर्ण क्यों है?
5. समूह के साथ अपनी कहानी साझा करें कि आपने यीशु को कैसे जाना।

अपने स्मार्टफोन पर इस खण्ड को देखने के लिए इस कोड का इस्तेमाल करें। जीज़स फिल्म की वेबसाइट पर अन्य भाषाएँ भी उपलब्ध हैं

उपसंहार

यह सुनिश्चित करने के लिए कि आप एक मसीही हैं, चार आवश्यक सच्चाइयाँ हैं जिन्हें आपको समझने की आवश्यकता है:

1. परमेश्वर आपको प्रेम करते हैं और आपके जीवन के लिए उनकी एक अद्भुत योजना है।
2. मनुष्य पापी और वह परमेश्वर से अलग हो चुका है; इसलिए वह परमेश्वर के प्रेम, तब अपने जीवन के लिए उनकी योजना को न जान सकता है न ही अनुभव कर सकता है।
3. यीशु मसीह मनुष्य ही मनुष्य के उद्धार के लिए, परमेश्वर से दिया हुआ, एकमात्र साधन है। उसी के द्वारा ही हम परमेश्वर को व्यक्तिगत् रूप से जान सकते हैं और परमेश्वर के प्रेम व उसकी योजना का अनुभव कर सकते हैं।
4. हमें व्यक्तिगत रूप से यीशु मसीह को प्रभु और मुक्तिदाता के रूप में स्वीकार करना आवश्यक है; तब हम परमेश्वर के प्रेम, तथा उसकी हमारे जीवन के लिए योजना को जान सकते हैं।

इस खण्ड को एक बार और देखें। यदि आप कभी भी अपने उद्धार के बारे में निश्चित नहीं रहे हैं, तो इस बार जब आप इस खण्ड को देखते हैं, तो यीशु को ग्रहण करने के लिए निश्चितता के साथ प्रार्थना करें। यदि आपने यीशु मसीह को उद्धारकर्ता और प्रभु के रूप में ग्रहण कर लिया है, तो आप इस बात के विषय में निश्चित हो सकते हैं कि आप उसके वचन की प्रतिज्ञाओं के आधार पर एक मसीही हैं।

आगे देखना

अनुप्रयोग

अपने समूह में एक साथ साझा करें कि आपका क्या मानना है कि परमेश्वर आपसे कैसा प्रत्युत्तर चाहता है।
एक दूसरे को कहानी (चरण 2 से) सुनाने का अभ्यास करें।
आज की कहानी दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें अपने अगली सामूहिक सभा में आने के लिए आमंत्रित करें।

प्रार्थना

- आज हमने जो सीखा उसके लिए परमेश्वर का धन्यवाद हो।
- अपने समूह में एक दूसरे के लिए प्रार्थना करें।
- अपने समुदाय में दूसरों के लिए प्रार्थना करें।

यीशु को जानना

अपने नए मिशन आधारित समुदाय की स्थापना करना

v6.5

Jesus Film Project®
A Cru Ministry

Knowing Jesus